


















# एम्पायर ड्रेस

*हमारे चरण-दर-चरण ट्यूटोरियल को फॉलो करें और एक स्टाइलिश एम्पायर ड्रेस बनाएं।*

**सामग्री की सूची**

ड्रेस के लिए 60 इंच की चौड़ाई वाला 3 मीटर कपड़ा
एम्पायर ड्रेस का टेम्प्लेट जिसे आप हमारी वेबसाइट www.ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं।
चॉक
कैंची
बीडेड पिंस
स्केल
नापने वाला फीता
मैचिंग धागा
कन्सील्ड ज़िपर 8 इंच
उषा जेनोम जिपर फुट
उषा जेनोम गैदरिंग फुट
उषा जेनोम पाइपिंग फुट
सजाने के लिए अपनी पसंद का 5 मीटर लैस

इस ट्यूटोरियल में हम टेम्प्लेट के अनुसार कपड़े काटना सीखेंगे। हम ऊपरी धड़ के पीस तैयार करेंगे, फ्रंट और बैक पीस को एक साथ जोड़ेंगे, नेकलाइन फिनिश करेंगे, आस्तीन जोड़ेंगे, स्कर्ट का भाग तैयार करेंगे, साइड सीम को सिलेंगे, ज़िप लगाएंगे और आस्तीन और नीचे लैस जोड़ेंगे।

**चरण 1: टेम्प्लेट का निशान लगाना और कपड़ा काटना**

कपड़े को पूरी तरह से खोलें। नीचे से लंबाई के अनुसार फोल्ड करें और फिर ऊपर से जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। यह कपड़े का उल्टा साइड है और यह सीधा।

दिखाए अनुसार कपड़े के निचले आधे हिस्से पर फ्रंट वाला टेम्प्लेट रखें। टेम्पलेट को कपड़े पर रख के पिन लगा दें। सुनिश्चित करें कि पिन कपड़े की सभी परतों मे लगा हो। जैसा कि आप देख सकते हैं कि फ्रंट का टेम्पलेट कपड़े के फोल्ड पर रखा गया है।

अब चॉक से पुरे टेम्पलेट के अनुसार निशान लगा लें। घुमाव पर निशान लगाते समय ध्यान दें, हांथो का स्थिर रहना जरूरी है। पूरे टेम्प्लेट का निशान लगाने के बाद पिन निकाल लें। टेम्प्लेट को एक तरफ रखें और कपड़े पर फिर से पिन लगा दें ताकि काटते समय परतें सही जगह पर बनी रहें। निशान लगाए गए लाइन पर सावधानी से काटें और घुमावदार जगह पर आराम से काटें ताकि फ्रंट के कपड़े का एक सही पीस मिल सके। फ्रंट का पीस निकाल कर एक तरफ रख दें।

अब बैक के टेम्प्लेट को दिखाए अनुसार कपड़े के शीर्ष फोल्ड पर रखें और सुनिश्चित करें कि इसे फोल्ड पर सही तरीके से रखा गया है। फ्रंट वाले टेम्पलेट के जैसे सभी चरणों को दोहराएं।





पिन लगाएं... निशान लगाएं.... और काट लें। बैक के पीस को भी अलग रख दें।








अब हम स्कर्ट काटेंगे। कपड़े को खोलें और दिखाए अनुसार इसे फिर से आधे मे फोल्ड करें। हमारे पास अभी भी सीधा हिस्सा आमने सामने है। एक रूलर लें और कपड़े की चौड़ाई में एक सीधी रेखा बनाएं। सीधी रेखा से 28 इंच नापें और निशान लगाएं। नियमित अंतराल पर 28 इंच का निशान लगाएं जो हमें एक सीधी रेखा खींचने में मदद करेगा। अब रूलर से एक सीधी रेखा बनाएं। रेखा पर काटें। काटते समय सुनिश्चित करें कि आपने कपड़े की दोनों परतों को काटा है। हमें स्कर्ट के लिए कपड़े के 2 पीस चाहिए होंगे, इसी तरह एक और पीस काट लें।


इसके बाद आस्तीन का नंबर है। बचा हुआ कपड़ा लें और उसके ऊपर आस्तीन का टेम्पलेट रखें। टेम्पलेट को कपड़े पर रख के पिन लगा दें। सुनिश्चित करें कि पिन कपड़े की दोनों परतों से होकर गया हो। अब चॉक से कपड़े पर टेम्पलेट के अनुसार निशान लगा लें। टेम्पलेट से पिन निकालें। टेम्पलेट को एक तरफ रख दें। यदि आवश्यक हो तो आप कपड़े को काटते समय स्थिरता के लिए फिर से पिन लगा सकते हैं। लगाए हुए निशान पर काटें। यह कटिंग बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपके डिजाइन को बना या बिगाड़ सकती है।








नेकलाइन के लिए हमें बायस स्ट्रिप की जरूरत होगी। बचा हुआ कपड़ा लें। दिखाए अनुसार स्केल को 45 डिग्री के कोण पर रखें। चाक से एक सीधी रेखा खींचें। अब खींची गई रेखा से 1 ½ इंच नापें और निशान लगाएं। कपड़े पर कई अलग-अलग जगह पर 1 ½ इंच का निशान लगाएं, ये हमें एक सीधी रेखा खींचने में मदद करेंगे। ये करने के बाद, स्केल लें और निशान लगाए गए बिंदुओं को मिला के एक रेखा खींचें। कैंची से स्ट्रिप को काट लें। हमें केवल एक ही स्ट्रिप की आवश्यकता है इसलिए हम केवल कपड़े की ऊपरी परत को ही काट रहे हैं।

## चरण 2: ऊपरी धड़ के पीस तैयार करना








हमें फ्रंट और बैक के पीस पर डाट्र्स की आवश्यकता होगी। फ्रंट का पीस लें और इसे खोलें। दिखाए अनुसार फ्रंट के टेम्पलेट को फ्रंट के पीस के दाईं ओर रखें। जैसा कि आप देख सकते हैं कि, टेम्प्लेट मे नीचे दो नॉच हैं और, नॉच के ऊपर एक बिंदु है। सभी तीन बिंदुओं को निशान लगा लें। अब टेम्प्लेट को पलटें और इसे बाईं ओर रखें और फिर से इन तीन बिंदुओं का निशान लगा लें। टेम्पलेट हटा दें। स्केल और चाक से दो नॉच को केंद्र बिंदु से जोड़ दें। इन बिंदुओं को दूसरे साइड पर भी मिला लें। ये निशान हमें डार्ट बनाने में मदद करेंगे। हम कुछ ही समय मे देखेंगे कि डार्ट कैसे बनाएं। अब हमें बैक पीस पर भी यही प्रक्रिया दोहरानी है। दिखाए अनुसार कपड़े के ऊपर बैक का टेम्प्लेट रखें। बिंदु का निशान लगाएं। टेम्पलेट को दूसरी तरफ पलटें और निशान लगाएं। ये करने के बाद बिंदुओं को मिला दें।








अब सिलने का समय आ गया है। दोनों पीस को अपनी उषा जेनोम ड्रीम मेकर 120 सिलाई मशीन पर ले जाएं। हम पहले फ्रंट पीस पर काम करेंगे। दो नॉच को मिलाएं और ऊपरी बिंदु पर चुटकी से पकड़ें। हम इस लाइन पर सिलाई करेंगे। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे एडजस्ट करें। सुनिश्चित करें कि मशीन सीधी सिलाई पर सेट है और सिलाई की लंबाई बढ़ाकर 2.6 कर दें। सिलाई शुरू करने के लिए स्टार्ट का बटन दबाएं। शुरुआत में रिवर्स टांके लगाएं। दिखाए अनुसार बिंदु से नॉच तक सिलें। अंत में भी रिवर्स टांके लगाएं। धागा काट लें। अब हमने फ्रंट के पीस पर एक डार्ट सिल दिया है। हम दूसरे डार्ट के लिए भी यही प्रक्रिया दोहराएंगे। फ्रंट के कपड़े के डाट्र्स तैयार हैं।




अब बैक के पीस पर काम करते हैं। फ्रंट के पीस की ही तरह हम नॉच को जोड़ेंगे और बाएं और दाएं दोनों तरफ लाइन पर सिलेंगे। डाट्र्स इस तरह दिखेंगे।

## चरण 3: कंधे को सिल के फ्रंट और बैक के पीस को जोड़ना




दिखाए अनुसार बैक के पीस को फ्रंट के पीस के ऊपर रखें। सीधा हिस्सा आमने सामने हो। कंधो को सही से मिलाएं और इनमें एक साथ पिन लगा दें। अब हम पिन लगाए गए कंधों को सिलेंगे।




कपड़े को अपनी सिलाई मशीन पर ले जाएं। पिन लगाए गए कंधे को प्रेसर फुट के नीचे रखें और सिलना शुरू करें। शुरुआत और अंत में रिवर्स टांके लगाएं। इतनी छोटी सिलाई के लिए भी रिवर्स टांके लगाना आवश्यक है ताकि कपड़े एक साथ जुड़े रहें। धागा काटें और दूसरे कंधे के लिए भी यही दोहराएं। कंधे की सिलाई इस तरह दिखेगी।

## चरण 4: नेकलाइन को फिनिश करना










दिखाए अनुसार कपड़े को खोलें। अब हम बायस स्ट्रिप को नेकलाइन से जोड़ कर नेकलाइन को फिनिश करेंगे। चलो सिलते हैं। बायस स्ट्रिप को आधे मे फोल्ड करें। फोल्ड किये गए बायस स्ट्रिप को नेकलाइन के दाईं तरफ रखें जैसा की दिखाया गया है। हमने शुरुआत में लगभग एक इंच बायस स्ट्रिप छोड़ दी है। कपड़ों को प्रेसर फुट के नीचे एडजस्ट करें और शोल्डर लाइन से सिलना शुरू करें। ध्यान से सिलें। रुकें और नेकलाइन के साथ बायस स्ट्रिप को एडजस्ट करते रहें। नेकलाइन के चारों ओर सिलें। आखिर तक पहुंच के रुक जाएं। बायस स्ट्रिप याद है जिसे हमने शुरु में छोड़ा था, हम ½ इंच छोड़ सकते हैं और कैंची से अतिरिक्त कपड़े को काट लें। दिखाए अनुसार अतिरिक्त स्ट्रिप को फोल्ड करें और बायस स्ट्रिप के दूसरे सिरे को इस फोल्ड के ऊपर रखें और सिलाई करें। आखिर तक सिल के धागा काट लें। अंत में छोड़ी गई अतिरिक्त बायस स्ट्रिप को कैंची से आसानी से काटा जा सकता है। सिलाई इस तरह दिखेगी। अब हम दिखाए अनुसार किनारे पर नॉच बनाएंगे। ध्यान से करें, सिलाई के ऊपर न काटें। पूरी नेकलाइन पर नॉच बनाएं। ये नॉच एम्पायर ड्रेस पहनने पर नेकलाइन को आराम से बैठने में मदद करेंगे। अब दिखाए अनुसार बायस स्ट्रिप को फोल्ड करें।




फोल्ड को बनाये रखने के लिए बायस स्ट्रिप पर एक एज स्टिच की आवश्यकता है। फोल्ड को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें और सिलना शुरू करें। फिर से नेकलाइन के चारों तरफ सिलें। सिलते समय फोल्ड को एडजस्ट करते रहें। धागा काट लें।







अब हम बायस स्ट्रिप को उलटी साइड पर फोल्ड करेंगे जो कि ड्रेस के अंदर का भाग है जैसा कि दिखाया गया है और किनारे पर सिलेंगे। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे एडजस्ट करें। सिलना शुरू करें। सुनिश्चित करें कि फोल्ड पूरी नेकलाइन पर सही से रखा गया है। किसी भी अतिरिक्त धागे को काट लें। हो गया! हमारे पास एक साफ-सुथरी नेकलाइन है। ये फिनिश होने के बाद इस तरह दिखना चाहिए।

## चरण 5: आस्तीन को जोड़ना और आस्तीन के हेम को फिनिश करना



एक बार फिर से कपड़े को खोलें। अपनी आस्तीन के पीस लें। दिखाए अनुसार आस्तीन के पीसों को आधे मे फोल्ड करें और शीर्ष पर एक नॉच बनाएं। एक आस्तीन का पीस लें और नॉच को कंधे की सिलाई से मिलाएं। सिलाई की लाइन और नॉच को संरेखित करें और आस्तीन पर दिखाए अनुसार पिन लगा दें, सीधा हिस्स्सा आमने सामने हो। आर्महोल के चारो तरफ पिन लगा दें। दूसरी तरफ भी यही प्रक्रिया दोहराई जाएगी। हम आर्महोल को सिलेंगे और आस्तीन को हेम भी करेंगे।






पिन लगाए गए कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे रखें। धीरे-धीरे सिलना शुरू करें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। सिलने के बाद धागा काट लें। आस्तीन इस तरह दिखेगी। दूसरी आस्तीन को भी इसी तरह से सिलें। अब आस्तीन के हेम पर काम करते हैं।





कपड़े को दिखाए अनुसार आधा इंच दो बार फोल्ड करें। फोल्ड को प्रेसर फुट के नीचे रखें और एक सिरे से दूसरे सिरे तक सिलना शुरू करें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आस्तीन का हेम सही है, रुकते रहें और फोल्ड करते रहें। हेम करने के बाद आस्तीन इस तरह दिखेगी। हम दूसरी आस्तीन को भी इसी तरह से हेम करेंगे। अब हमने आस्तीन को जोड़ दिया है और इसे हेम कर दिया है।















## चरण 6: स्कर्ट तैयार करना

अब स्कर्ट वाले हिस्से पर काम करते हैं। हमारे पास स्कर्ट के लिए कपड़े के दो पीस तैयार हैं। कपड़ा खोलें। कपड़े को धड़ के ऊपरी हिस्से से जोड़ा जाएगा। इसे जोड़ने से पहले स्कर्ट के पीस के ऊपरी हिस्से को गेदर करना होगा। स्कर्ट के दोनों पीसों को सिलाई मशीन पर ले जाएं। गेदर करने के लिए हमें उषा जेनोम गैदरिंग फुट की आवश्यकता होगी। रेगुलर प्रेसर फुट निकाल के गैदरिंग फुट लगा लें। मशीन को सीधी सिलाई और सिलाई की लंबाई 4 पर सेट करें। गेदर करने के लिए, धागे के तनाव को अधिकतम पर सेट करें जो अभी 9 है। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें और स्टार्ट का बटन दबाएं और इसे अपना काम करने दें। मशीन अच्छे से गैदरिंग करती है। दूसरे छोर तक गैदरिंग करते रहें। ये करने के बाद धागा काट लें। हम गैदरिंग की इसी प्रक्रिया को स्कर्ट के दूसरे पीस पर भी दोहराएंगे। गैदरिंग करने के बाद यह इस तरह दिखेगा। क्या यह सुंदर नहीं हैं?










## चरण 7: स्कर्ट के पीस को ऊपरी धड़ से जोड़ना









अब हम गेदर किये हुए कपड़े को ड्रेस के ऊपरी हिस्से से जोड़ेंगे। कपड़े का एक पीस लें और इसे ऊपरी हिस्से के निचले किनारे से संरेखित करें, सीधा हिस्सा आमने आमने हो। इस पर पिन लगा दें। दूसरे छोर तक सभी तरफ पिन लगाते रहें। सुनिश्चित करें कि कपड़े के दोनों पीस सही से संरेखित हैं। ऐसा एक तरफ करने के बाद, कपड़े को खोलें और स्कर्ट के दूसरे हिस्से को ड्रेस के पिछले हिस्से पर पिन लगा दें। सीधा हिस्सा आमने सामने हो और पिन लगा दें। अब हम सिलने के लिए तैयार हैं। हमने पहले ही फुट को वापस रेगुलर फुट मे बदल दिया है और मशीन को सीधी सिलाई पर सेट कर दिया है। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें। सिलना शुरू करें। सुनिश्चित करें कि दोनों कपड़े पूरे सिलाई मे सही से संरेखित हैं। आखिर तक सिल के धागा काट लें। हम दूसरी तरफ भी यही दोहराएंगे। कपड़े को संरेखित करें और सिलें। धागा काट लें। जैसा कि दिख रहा है हमारे धड़ का ऊपरी हिस्सा अब नीचे से जुड़ गया है। सिलाई इस तरह दिखेगी।

## चरण 8: ज़िप लगाने के साथ-साथ आस्तीन, निचले हिस्से और किनारों को फिनिश करना












हम आस्तीन को लैस से सजाएंगे। पूरी आस्तीन की लंबाई को नापें और इतनी ही लंबी लैस काट लें। दिखाए अनुसार लैस को आस्तीन पर रख के पिन लगा दें। दूसरी आस्तीन के लिए भी यही प्रक्रिया दोहराएं। लैस को नाप के काटें और पिन लगा दें।

अब साइड सीम पर काम करते हैं। आस्तीन को सीधा हिस्सा आमने सामने कर के जोड़ दें और आर्महोल से मिलाएं। आर्महोल पर पिन लगा दें। इसके बाद नीचे वेस्टलाइन को मिलाएं और पिन लगा दें। इसके अलावा साइड सीम को मिलाते रहें और पिन लगाते रहें जब तक आप ड्रेस के नीचे तक न पहुंच जाएं। ऐसा एक साइड पर करने के बाद दूसरी तरफ भी यही चरण दोहराएं।

हालांकि इस तरफ हम एक ज़िप लगाएंगे। हम 8 इंच का कंसील्ड ज़िप लगा रहे हैं। आर्महोल से 1½ इंच नापें और चाक से निशान लगा लें। यह निशान ज़िप का प्रारंभिक निशान होगा। अब ज़िप के दूसरे छोर पर हमें ज़िप के समाप्त होने से पहले 1 इंच का निशान बनाना होगा। चॉक से इसका निशान लगाएं। यह हमारी ओपनिंग होगी। ज़िप पर पिन लगा दें।






ज़िप का दायां साइड ड्रेस के कपड़े के दाएं साइड पर रखा जाएगा। दिखाए अनुसार ज़िप के एक साइड को कपड़े के निचले हिस्से पर पिन लगा दें। ज़िप के दूसरे साइड को ड्रेस के ऊपरी हिस्से पर पिन लगाएं, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। ज़िप खोलें। पिन लगाने के बाद ज़िप इस तरह दिखनी चाहिए।




चलो सिलना शुरू करते हैं!






आइए पहले लैस को सिलें और इसलिए हमें लैस से मैचिंग धागा लगाना होगा। हमें रेगुलर प्रेसर फुट को बदल के पाइपिंग फुट को भी लगाना है। ये करने के बाद कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें और सिलना शुरू करें। लैस के एक छोर से दूसरे छोर तक सिलें। अच्छी सिलाई के लिए मशीन को धीमी गति से चलाएं। ये करने के बाद धागा काट लें और लैस के दूसरी तरफ भी यही प्रक्रिया दोहराएं।












आस्तीन के दोनों सिरों को आपस में जोड़ना है, इसके लिए लैस के किनारे से कुछ मोती हटा दें। यह हमें आस्तीन को आराम से सिलने मे  मदद करेगा। प्रेसर फुट को रेगुलर प्रेसर फुट से बदलें। आस्तीन के दोनों सिरों को मिलाएं, सीधा हिस्सा आमने सामने हो ओर और इसे प्रेसर फुट के नीचे रखें। सिलना शुरू करें। शुरुआत में रिवर्स टांके लगाएं। आस्तीन से ड्रेस के निचले हिस्से तक सिलते रहें। आर्महोल और गेदर्स के पास धीमे हो जाएं और सुनिश्चित करें कि फ्रंट और बैक पीस एक साथ सही से संरेखित हों। सिलने के बाद धागा काट लें। साइड सीम इस तरह दिखेगा। अब ड्रेस के दूसरी तरफ सिलाई करें। ड्रेस के नीचे से शुरू करें और ऊपर की ओर सिलें। जब आप ज़िप के निशान तक सिल लें तो रुकें और कुछ रिवर्स टांके लगाएं। धागा काट लें। अब दूसरे निशान पर फिर से सिलना शुरू करें और आस्तीन के आखिर तक सिलें। सिलने के बाद धागा काट लें। अगला नंबर ज़िप का है। रेगुलर प्रेसर फुट को जिपर फुट से बदलें। हम फुट के दाएं किनारे को कपड़े के साथ संरेखित करेंगे और इसलिए फुट को उसी के अनुसार लगाएं। कपड़े को फुट के नीचे रखें और सिलना शुरू करें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। ज़िप के आखिर तक सिल के रुकें और धागा काट लें। ज़िप खोलें और दूसरी तरफ सिलाई करें। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें और सिलना शुरू करें। आखिर तक सिलें। ज़िप के लिए सिलाई का हमारा पहला सेट पूरा हो गया है। अब हमें जिप के दांतों के पास सिलना है। ज़िप को फुट के नीचे संरेखित करें और सिलना शुरू करें। जितना हो सके दांतों के करीब सिलें। स्थिरता से सिलें और सुनिश्चित करें कि आपके टांके सीधे हैं। ये करने के बाद धागा काट लें और दूसरी तरफ भी दोहराएं। सिलने के बाद जिप इस तरह दिखनी चाहिए।











यहां आखिरी काम ज़िप के ऊपरी हिस्से को उसकी चौड़ाई के चारो ओर सिल के लॉक करना है। फिर से रेगुलर प्रेसर फुट लगाएं। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे रखें और सब तरफ सिलें। सिलाई इस तरह दिखेगी।

एम्पायर ड्रेस को अंदर से बाहर की और पलटें और हम निचले हेम पर काम करेंगे। दिखाए अनुसार ½ इंच दो बार फोल्ड करें। फोल्ड को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें और सिलना शुरू करें। निचले हेम के चारों ओर सिलें। निचले हिस्से को फोल्ड करते रहें और सुनिश्चित करें कि टांके साफ हैं। ये करने के बाद धागा काट लें।

लैस को ड्रेस के नीचे भी लगाएंगे। हमें रेगुलर प्रेसर फुट बदल के पाइपिंग फुट लगाना है। लैस को ड्रेस के निचले हिस्से पर रखें और सिलना शुरू करें। सिरे को खुला छोड़ दें, धागा काट लें और लैस के दूसरे सिरे पर सिलें। चारो ओर सिलें। जब आप अंत मे पहुंचे तो सिरे को लगभग ½ इंच फोल्ड करें और दिखाए अनुसार इसे लैस पर ओवरलैप करें। यदि आवश्यक हो तो मोती निकाल दें। ओवरलैप को प्रेसर फुट के नीचे रखें और सिलाई करें। कोनों पर पिवोटिंग तकनीक का उपयोग करें। धागा काट लें और हो गया।

हमने नेकलाइन, कमर, आस्तीन, निचले हेम और जिप को फिनिश कर दिया है।

क्या यह आसान नहीं था? अब आपकी एम्पायर ड्रेस तैयार है। अब आपको पता है कि आपको अपनी अगली डिनर डेट पर क्या पहनना है। नीचे कमेंट मे हमे बताएं कि आप इसके बाद क्या देखना चाहते हैं, और वीडियो को अपने सिलाई करने वाले दोस्तो के साथ शेयर करना न भूलें।